
# खाद की किल्लत : कांग्रेस ने की अनिश्चितकालीन भूख हड़ताल




**नवभारत न्यूज**
**दतिया, 12 जून।** जिले में खाद की भारी किल्लत और वितरण में हो रही अनियमितताओं को लेकर जिले के किसानों व कांग्रेस कार्यकर्ताओं में भारी आक्रोश है। खाद की इस गंभीर समस्या के समाधान और प्रशासनिक लापरवाही के खिला फजिला कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने कई मौकों पर ज्ञापन,धरना प्रदर्शन कर भाजपा सरकार जिला प्रशासन को तुंरत संज्ञान लेने का अनुरोध किया कि जिले के किसानों के लिए डीएपी,यूरिया खाद के संकट का समाधान किया जाना चाहिए। लेकिन किसानों को खाद की समस्याओं के समाधान के प्रति भाजपा सरकार जिला प्रशासन गंभीर नहीं, जिले के अन्य दाताओं की उस वेबसी ओर गुस्से की बानगी है खरीफसीजन की शुरुआत में यूरिया एवं डीएपी खाद के लिए किसान जिले में खाद वितरण केंद एवं सोसायटियों के चक्कर काट रहे हैं, जिले में खाद के संकट को लेकर जिला कांग्रेस कमेटी द्वारा शुक्रवार को गल्ला मंडी के सामने जिला कांग्रेस संगठन महासचिव नरेन्द्र गुर्जर के साथ आदिवासी कांग्रेस प्रदेश महासचिव रामकुमार मोंगिया, जिला महामंत्री आशीष तिवारी, किसान रामवीर दांगी, हरिमोहन गुर्जर ने जिले में किसानों की आवाज उठाने के लिए जिले में हो रही खाद के संकट को लेकर केंद्र एवं प्रदेश की सोई हुई भाजपा सरकार तथा जिला प्रशासन को उठाने का कर रहे प्रयास। जिले में खाद की भारी किल्लत को लेकर सरकार के खिलाफ अनिश्चितकालीन भूख हड़ताल धरना शुरू किया। जिले के किसानों ने भी बड़ी संख्या में भूख हड़ताल धरना में पहुंचकर खाद के संकट को लेकर सरकार के खिलाफ विरोध दर्ज कराया। इस अवसर पर पूर्व विधायक घनश्याम सिंह, जिला कांग्रेस अध्यक्ष अशोक दांगी बगदा, पूर्व विधायक राधे लाल बघेल, वरिष्ठ कांग्रेस नेता अवधेश नायक, जिला कांग्रेस संगठन महासचिव नरेन्द्र गुर्जर, एवं अन्य कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा के विक्की प्रजापति जिला उपाध्यक्ष बने



**दतिया।** भारतीय जनता पार्टी जिला संगठन के विशेष दिशा-निर्देश पर भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा के जिलाध्यक्ष गोविंद परिहार ने मोर्चा की जिला कार्यकारिणी घोषित कर दी है। जिसमें दक्ष प्रजापति समाज के लग्नशील समाजसेवी विक्की प्रजापति को लगातार दूसरी बार जिला उपाध्यक्ष के पद पर नियुक्त किया गया है। लगातार दूसरी बार जिला उपाध्यक्ष बनने पर विक्की प्रजापति ने प्रदेश, जिला संगठन के प्रमुख पदाधिकारियों एवं पूर्व गृह मंत्री डॉ नरोत्तम मिश्रा के प्रति हृदय से आभार व्यक्त करते हुए कहा है कि, मैं संगठन के प्रति सच्ची निष्ठा व लगन से कार्य करूंगा एवं पार्टी के विश्वास पर पूर्ण रूप से खरा उतरने का प्रयास करूंगा। विक्की प्रजापति को समाज के प्रमुख लोगों एवं इष्ट मित्रों पार्टी कार्यकर्ताओं ने हर्ष व्यक्त कर उज्जवल भविष्य की कामना की है।



## सेवढ़ा में जन समस्या निवारण शिविर आयोजित

**नवभारत न्यूज**
**सेवढ़ा, 12 जून।** शासन के निर्देशानुसार जनपद पंचायत सेवढ़ा द्वारा जनसमस्याओं के त्वरित निराकरण एवं पर्यावरण संरक्षण के उद्देश्य से जन समस्या निवारण शिविर एवं वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विधायक प्रदीप अग्रवाल रहे। उन्होंने उपस्थित नागरिकों की समस्याओं को गंभीरता से सुना तथा संबंधित विभागीय अधिकारियों को समय-सीमा में निराकरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। विधायक प्रदीप अग्रवाल ने कहा कि शासन की प्राथमिकता आमजन को उनके घर के निकट ही बेहतर सेवाएं एवं समस्याओं का त्वरित समाधान उपलब्ध कराना है। कार्यक्रम के अंतर्गत पर्यावरण संरक्षण एवं हरित विकास के संदेश को जन-जन तक पहुंचाने के लिए वृक्षारोपण भी किया गया। उपस्थित जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों एवं नागरिकों ने पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संकल्प लिया। शिविर में विभिन्न विभागों द्वारा प्राप्त आवेदनों का पंजीयन कर उनका निराकरण किया गया तथा शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी भी प्रदान की गई। कार्यक्रम में जनपद पंचायत के अधिकारी-कर्मचारी, विभिन्न विभागों के अधिकारी, जनप्रतिनिधि एवं बड़ी संख्या में नागरिक उपस्थित रहे। कार्यक्रम का उद्देश्य जन समस्याओं के प्रभावी समाधान के साथ-साथ पर्यावरण संरक्षण के प्रति जनजागरूकता बढ़ाना रहा।

## यात्री का खोया हुआ बैग सुरक्षित वापस मिला

**नवभारत न्यूज**
**दतिया, 12 जून।** फरियादी उस्मान राईन निवासी इन्दरगढ़ द्वारा सूचना दी गई कि 11 जून को वह टाउन हॉल स्थित माता बाली गली से एक काले रंग के ऑटो में बैठकर रेलवे स्टेशन जा रहे थे। यात्रा के दौरान उनका एक बैग ऑटो में छूट गया, जिसमें दवाइयाँ, आवश्यक दस्तावेज, आभूषण एवं अन्य महत्वपूर्ण सामान रखा हुआ था। सूचना प्राप्त होते ही सीसीटीवी कंट्रोल रूम में तैनात पुलिस कर्मियों द्वारा टाउन हॉल क्षेत्र के कैमरों का अवलोकन कर संबंधित ऑटो की पहचान की गई। तत्पश्चात फरियादी द्वारा बताए गए संदिग्ध ऑटो वाहन का नम्बर सीसीटीव्ही फुटेज से ट्रेस किया, ऑटो के नंबर के आधार पर थाना पुलिस एवं यातायात पुलिस के सहयोग से ऑटो चालक का पता लगाया गया। ऑटो चालक ने




ईमानदारी का परिचय देते हुए कंट्रोल रूम पहुंचकर उक्त बैग सुरक्षित रूप से जमा कराया। इसके बाद बैग को उसके वास्तविक स्वामी उस्मान राईन को सही-सलामत सुपुर्द किया गया। फरियादी द्वारा जिला पुलिस, सीसीटीवी कंट्रोल रूम एवं यातायात पुलिस की त्वरित एवं सराहनीय कार्यवाही के लिए आभार व्यक्त किया गया।

### सेवढ़ा में 11 जून की दोपहर आई आफत की आंधी



**सेवढ़ा।** आंधी से उड़ी टीन शेड - बड़ा हादसा होते होते बचा ताज्जुब ये है कि पूरा टीनसेड मय एंगल के लगभग 200 मीटर उड़ा हवा में लहार तिराहे पर राजवीर सिंह यादव मास्टर बुडेरा वालों की छत से उखड़कर उड़ता हुआ आया टीनशैड सोनू शर्मा के मकान से ऊपर गुजरता हुआ रि.कंपाउंडर श्री रमेश कुशवाह दरियापुर वालों की छत पर आकर टिका। गनीमत ये रही कि कोई जनहानि नहीं हुई। सेवढ़ा ग्रामीण क्षेत्र में कल आई तेज आंधी से पेड़ टूटकर बिजली तारों पर गिरे 50 से ऊपर पोल टूटे , ट्रांसफार्मर गिरे। कल की आंधी में सबसे ज्यादा नुकसान जोरि ताल, नहला, मुबारिकपुर मौजा में हुआ है।

## टीबी को हराने के लिए प्रत्येक नागरिक की सहभागिता आवश्यक

**नवभारत न्यूज**
**दतिया, 12 जून।** प्रधानमंत्री टीबी मुक्त भारत अभियान के अंतर्गत कलेक्टर स्वप्निल वानखेड़े के निर्देशन में जिले को टीबी मुक्त बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल करते हुए मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी दतिया डॉ. बी.के. वर्मा ने आज स्वयं सीबाय, टीबी टेस्ट कराया तथा सीएमएचओ कार्यालय में पदस्थ सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों का भी सीबाय, टीबी टेस्ट परीक्षण कराया। आयोजित गतिविधि के दौरान डॉ. वर्मा ने जिलेवासियों से अपील करते हुए कहा कि टीबी उन्मूलन के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए प्रत्येक नागरिक की सहभागिता आवश्यक है। उन्होंने बताया कि सीबाय, टीबी टेस्ट टेस्ट के माध्यम से लेटेंट (निष्क्रिय) टीबी संक्रमण का पता लगाया जाता है। यदि किसी व्यक्ति की जांच रिपोर्ट पॉजिटिव आती है, तो उसे टीबी प्रिवेंटिव थेरेपी टीपीटी के अंतर्गत मात्र 12 खुराकों का उपचार प्रदान किया जाता है, जिससे भविष्य में सक्रिय टीबी रोग होने की संभावना काफी हद तक समाप्त हो जाती है। उन्होंने बताया कि जिले की सभी शासकीय स्वास्थ्य संस्थाओं पर जांच नि:शुल्क उपलब्ध है। इसके साथ ही हैंड-हेल्ड एक्स-रे मशीन के माध्यम से भी टीबी की जांच की जा रही है, जिससे संभावित रोगियों की शीघ्र पहचान एवं उपचार सुनिश्चित किया जा सके। डॉ. वर्मा ने दतिया जिले के सभी नागरिकों से आग्रह किया कि वे निकटतम स्वास्थ्य संस्थान पर जाकर सीबाय, टीबी टेस्ट टेस्ट एवं एक्स-रे जांच अवश्य कराएं तथा दतिया को टीबी मुक्त बनाने के इस जन-अभियान में सक्रिय सहयोग प्रदान करें। कार्यक्रम के दौरान सीएमएचओ कार्यालय एवं राष्ट्रीय क्षय उन्मूलन कार्यक्रम के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

### अवैध परिवहन करने पर 5 वाहनों पर कार्यवाही

**दतिया।** जिले में अवैध खनिजों के परिवहन पर यह कलेक्टर स्वप्निल वानखड़े के निर्देश पर जिला प्रशासन और खनिज विभाग लगातार सख्त कार्यवाही कर रहा है। इसी क्रम में भाण्डेर पण्डोखर रोड पर स्थापित ई-चेक गेट से निकलने वाले अवैध खनिजों का परिवहन करने वाले वाहनों को ऑनलाईन परीक्षण,जांच के दौरान बिना ई-टीपी,ओवरलोड, डबल ट्रिप तथा मिनरल मिस्मेच पाये जाने पर विगत दिवस विभाग द्वारा 5 वाहनों पर ऑनलाईन ई-चालान की कार्यवाही करते हुये कुल 19.45 लाख रूपये का अर्थदण्ड प्रस्तावित कर ऑनलाईन डिमाण्ड नोटिस जारी किये गये हैं।




## विश्व बाल श्रम निषेध दिवस पर कार्यक्रम आयोजित

**दतिया।** जस्ट राइट फॉर चिल्ड्रन प्रोजेक्ट के अंतर्गत आज धरती आर्गेनाइजेशन, दतिया द्वारा विश्व बाल श्रम निषेध दिवस के अवसर पर एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम सिविल सेवा जन अभियान केन्द्र, दतिया में संपन्न हुआ। धरती संस्था के जिला समन्वयक एस. आर. चतुर्वेदी द्वारा बताया गया समाज से बाल श्रम जैसी कुप्रथा को मिटाना और बच्चों के लिए न्याय व शिक्षा के समान अवसर सुनिश्चित करना था। इस दौरान उपस्थित वक्ताओं ने बच्चों के उज्वल भविष्य और उनके कानूनी अधिकारों को लेकर अपने विचार साझा किए। इस गरिमामयी कार्यक्रम में शिक्षाविदों और युवाओं की भारी भागीदारी देखने को मिली। कार्यक्रम में रोहित मिश्रा और मानेंद्र वर्मा एवं समस्त छात्र छात्राएं उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंत में सभी उपस्थित शिक्षकों और छात्र-छात्राओं ने बाल श्रम के खिलाफ आवाज उठाने और हर बच्चे को स्कूल भेजने में अपना योगदान देने का संकल्प लिया।

## ग्रामीणों को साइबर अपराधों के प्रति किया जागरूक



**नवभारत न्यूज**
**दतिया, 12 जून।** थाना धीरपुरा क्षेत्रांतर्गत ग्राम बड़ा गाँव में जनसंवाद कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम के दौरान ग्रामीणजनों से सीधे संवाद स्थापित कर उनकी समस्याओं एवं सुझावों को सुना गया तथा विभिन्न सामाजिक, कानूनी एवं सुरक्षा संबंधी विषयों पर आवश्यक मार्गदर्शन प्रदान किया गया। ग्रामीणों को साइबर फ्रॉड, एटीएम फ्रॉड, ई-केवाईसी फ्रॉड, ऑनलाइन ठगी तथा अन्य साइबर अपराधों से बचाव के उपायों की विस्तृत जानकारी दी गई। उन्हें समझाइश दी गई कि किसी भी अज्ञात व्यक्ति के साथ अपनी बैंकिंग अथवा व्यक्तिगत जानकारी साझा न करें तथा किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तत्काल पुलिस को दें।

ग्रामीणों को अपनी लाइसेंसी बंदूक किसी अन्य व्यक्ति न देने, बच्चों को शिक्षा के प्रति प्रेरित करने तथा उन्हें जागरूक एवं जिम्मेदार नागरिक बनाने की सलाह दी गई। साथ ही महिलाओं के सम्मान एवं सामाजिक सौहार्द बनाए रखने का संदेश भी दिया गया। अवैध शराब एवं अन्य आपराधिक गतिविधियों के संबंध में चर्चा के दौरान ग्रामीणों ने बताया कि वर्तमान में ग्राम में अवैध शराब का निर्माण अथवा विक्रय नहीं किया जाता है तथा क्षेत्र में कानून-व्यवस्था की स्थिति सामान्य एवं संतोषजनक है। ग्रामीणों ने यह भी बताया कि पूर्व में मौजूद आपसी विवाद एवं रंजिशें समाप्त हो चुकी हैं तथा वर्तमान में ग्राम बड़ा गाँव शांतिपूर्ण वातावरण वाला गाँव है। ग्रामीणों को किसी भी प्रकार की अफवाह, संदिग्ध गतिविधि, आपराधिक घटना अथवा कानून-व्यवस्था संबंधी सूचना तत्काल पुलिस तक पहुंचाने के लिए प्रेरित किया गया।

### गोपेश्वर मंदिर में शिव का अभिषेक आज

**सीहोर.** शहर के मुगीसपुर के समीपस्थ श्री राधेश्याम विहार कालोनी में गत दिनों पांच दिवसीय श्री शिव परिवार प्राण-प्रतिष्ठा महोत्सव के अलावा महायज्ञ का आयोजन किया गया था. अंतर्राष्ट्रीय कथा वाचक पं. प्रदीप मिश्रा के मार्गदर्शन में शनिवार को सुबह दस बजे यज्ञाचार्य पं. सतीश तिवारी सहित अन्य विप्रजनों द्वारा भगवान शिव का विशेष अभिषक किया जाएगा. मंच के संयोजक जितेन्द्र तिवारी ने बताया महिलाओं ने भजन कीर्तन किए. शनिवार को सुबह शांति हवन, और शिव चालीसा का पाठ किया जाएगा.

## सभी को मिले जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ : आर्य

**नवभारत न्यूज**
**दतिया, 12 जून।** भारतीय जनता पार्टी जिला कार्यालय पर जिला बैठक का आयोजन किया गया जिला बैठक में भारतीय जनता पार्टी के पदाधिकारी मंडल अध्यक्ष मोर्चा अध्यक्ष एवं अपेक्षित कार्यकर्ता उपस्थित रहे उसके पश्चात विकसित भारत संकल्प सम्मेलन का आयोजन भारतीय जनता पार्टी जिला कार्यालय पर किया गया जिसमें भारतीय जनता पार्टी अनुसूचित जाति मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष लाल सिंह आर्य मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित रहे उन्होंने जनकल्याण विषय पर कार्यकर्ताओं को संबोधित कर उन्होंने कहा कि




देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश में जनकल्याण के नए-नए अवसर का निर्माण कर देश को सशक्त और मजबूत किया। प्रधानमंत्री के नेतृत्व में गरीब कल्याण से लेकर देश के इंफ्रास्ट्रक्चर को मजबूत कर देश को विश्व की तीसरी शक्ति की ओर अग्रसर किया । डॉ. अभय प्रताप सिंह ने कहा कि देश के प्रधानमंत्री के नेतृत्व में जो 12 साल का सफल कार्यकाल रहा उसमें उन्होंने जनता के प्रति विश्वास को बढ़ाया । भाजपा। जिला अध्यक्ष रघुवीर सिंह कुशवाहा ने सम्मेलन का स्वागत भाषण दिया सम्मेलन का संचालन भाजपा जिला महामंत्री अतुल भूरे चौधरी के द्वारा किया गया।

### 196 तीर्थयात्री आज होंगे वैष्णोदेवी रवाना

**सीहोर.** मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना के अंतर्गत 13 से 18 जून तक जिले के 60 वर्ष से अधिक आयु के वरिष्ठ नागरिकों को वैष्णो देवी की तीर्थ यात्रा कराई जाएगी. जिले के तीर्थ यात्रियों का बोर्डिंग स्टेशन सीहोर निर्धारित किया गया है. जानकारी के अनुसार तीर्थ यात्रा के लिए जिले के 196 तीर्थ यात्रियों को चयनित किया गया है. कलेक्टर बालागुरू के ने अधिकारियों को यात्रियों के टिकट की उपलब्धता सुनिश्चित करने, व्यवस्थित रूप से ट्रेन में बैठाने, रेलवे स्टेशन पर बैनर सहित टेबल स्थापित करने और सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिए है.

## 147 परिवारों को मिला मालिकाना हक



**नवभारत न्यूज**
**दतिया, 12 जून।** शुक्रवार को माई कृपा निवास पर नगर पालिका परिषद दतिया द्वारा आयोजित पट्टा वितरण कार्यक्रम में भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व गृह मंत्री डॉ नरोत्तम मिश्रा ने 147 पात्र हितग्राहियों को उनकी भूमि के पट्टे वितरित किए वर्षों से मालिकाना हक की प्रतीक्षा कर रहे परिवारों को पट्टे मिलने पर कार्यक्रम में खुशी और उत्साह का माहौल देखने को मिला कार्यक्रम को संबोधित करते हुए पूर्व मंत्री डॉ नरोत्तम मिश्रा ने कहा कि भाजपा सरकार गरीब, वंचित और जरूरतमंद परिवारों को उनके अधिकार दिलाने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि भूमि का पट्टा केवल एक दस्तावेज नहीं, बल्कि परिवारों की सुरक्षा, सम्मान और भविष्य की गारंटी है सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना भाजपा की प्राथमिकता है पूर्व मंत्री डॉ नरोत्तम मिश्रा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में गरीब कल्याण और सामाजिक न्याय के क्षेत्र में ऐतिहासिक कार्य हुए हैं प्रदेश और केंद्र सरकार की योजनाओं का लाभ समाज के हर वर्ग तक पहुंच रहा है जिससे लोगों के जीवन में सकारात्मक बदलाव आ रहा है इस अवसर पर भाजपा जिला अध्यक्ष रघुवीर सिंह कुशवाहा ,भाजपा जिला महामंत्री अतुल भूरे चौधरी, नगर पालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि प्रशांत ढेगुला, उपाध्यक्ष प्रतिनिधि योगेश सक्सेना गोविंद ज्ञानानी, पुनीत टिलवानी, डॉ राजू त्यागी सहित नगर परिषद के सभी पार्षद मौजूद रहे।

## संस्था ने किया महिला का अंतिम संस्कार

**नवभारत न्यूज**
**आष्टा 12 जून.** सामाजिक कार्यों में सक्रिय रहने वाला आष्टा युवा संगठन ने एक बार फिर इंसानियत का कार्य किया है.
शुक्रवार को वार्ड क्रमांक 15 में निवासरत 70 वर्षीय कमला विश्वकर्मा का निधन हो गया. उनके दो पुत्रों में से एक धर्मराज विश्कर्मा जो हम्माली करते हैं एवं दूसरा पुत्र लंबे समय से लापता है. धर्मराज की पत्नी का भी स्वर्गवास हो चुका है. धर्मराज ही बीमार मां की सेवा करता आया है, लेकिन शुक्रवार को उनकी मां का देहांत हो गया, जिनका अंतिम संस्कार करने वाला कोई नहीं आया. ऐसे में आष्टा युवा संगठन संस्था ने आगे आकर वृद्धा का पूर्ण विधि विधान से अंतिम संस्कार कराया गया. संगठन प्रमुख आनंद गोस्वामी ने बताया धर्मराज निर्धन है और घर पर छत भी नहीं है . ऐसे में उक्त परिवार को 15 दिन का राशन एवं आज का भोजन संगठन द्वारा दिया गया है. महिला के तीसरे का कार्यक्रम भी संगठन द्वारा किया जाएगा. संगठन प्रमुख आनंद गोस्वामी, राहुल मालवीय, अनिल विश्वकर्मा, गोलू सांगते, सतीश विश्वकर्मा ने महिला का अंतिम संस्कार कर श्रद्धांजलि दी है.

## विधायक ने फिल्टर प्लांट के निरीक्षण के साथ किया पौधरोपण




**नवभारत न्यूज**
**दतिया, 12 जून।** विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर नगर परिषद इंदरगढ़ के द्वारा फिल्टर प्लांट ग्वालियर रोड पर शुक्रवार की सुबह पौध रोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया और नगर परिषद द्वारा सार्वजनिक स्थान,स्कूलों, , मुक्तिधाम एवं दतिया सेवढा मुख्य मार्ग पर सड़क किनारे 5 हजार पौधे लगाने का संकल्प लिया गया, इस पौध रोपण कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में क्षेत्रीय विधायक प्रदीप अग्रवाल एवं विशिष्ट अतिथि भाजपा जिला उपाध्यक्ष राजेश दांतरे, भाजपा मंडल अध्यक्ष राम लखन सिंह गुर्जर, उपस्थित रहे। नगर परिषद इंदरगढ़ द्वारा विश्व पर्यावरण दिवस पर फिल्टर प्लांट परिसर में विभिन्न प्रजातियों के फलदार, छायादार एवं फूलों के पौधों का रोपण किया गया। इस पौधारोपण कार्यक्रम के दौरान श्री अग्रवाल ने कहा है कि नगर परिषद 5 हजार पौधों का रोपण कर रही है यह बहुत अच्छी बात है इस पौधारोपण के साथ ही नगर परिषद के द्वारा एक नक्षत्र वाटिका बनाई जाये इसके पश्चात उनके द्वारा फिल्टर प्लांट का निरीक्षण किया गया और विशेष साफ सफाई के निर्देश दिए।

## कलेक्टर की अध्यक्षता में सलाहकार समिति की बैठक आयोजित

**कलेक्टर ने दिए मांग आधारित प्रशिक्षण को बढ़ावा देने के निर्देश**



**नवभारत न्यूज**
**दतिया, 12 जून।** जिले में बदलते रोजगार के स्वरूप के अनुसार युवाओं के लिए लक्ष्यात्मक एवं गुणवत्ता पूर्ण प्रशिक्षण उपलब्ध कराकर उन्हें रोजगार के साथ जोड़ने के उद्देश्य से कलेक्टर स्वप्निल वानखड़े की अध्यक्षता में शुक्रवार को न्यू कलेक्ट्रेट कार्यालय के सभाकक्ष में जिला स्तरीय ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान सलाहकार समिति की बैठक आयोजित की गई। उन्होंने नवनियुक्त आरसेटी डायरेक्टर रोहित आर्या को ईमानदारी एवं लगन के साथ अधिक से अधिक युवाओं को प्रशिक्षत कर रोजगार से जोड़ने की बात कही। बैठक के दौरान कलेक्टर वानखड़े ने कहा कि वैश्विक एवं राष्ट्रीय स्तर पर रोजगार के स्वरूप में तेज बदलाव आ रहे है और इस बदलाव के अनुरूप प्रशिक्षण कार्यक्रमों का स्वरूप भी बदलना आवश्यक है। उन्होंने कहा कि प्रशिक्षण कार्यक्रमों का डिजाईन स्थानीय और नजदीकी शहरों के उद्योगों तथा सेवा क्षेत्रों के मांग के अनुरूप होना चाहिए। उन्होंने कहा कि दतिया जिले में बढ़ते हॉस्पिटल एवं होटलों को देखते हुए हॉस्पिटेलिटी मैनेजमेंट, डिजीटल मार्केटिंग जैसे कोर्स शुरू कर जिले के युवाओं को अधिक से अधिक प्रशक्षित किया जाये। जिससे कौशल अर्जित कर वह आत्म निर्भर बन सकें।

उन्होंने उपस्थित सभी प्रशिक्षण संस्थाओं के अधिकारियों, महाप्रबंधक जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र एवं अग्रणी बैंक प्रबंधक को प्रत्येक ट्रेनिंग कोर्स पूर्ण होने पर एक संयुक्त विशेष कैंप आयोजित करने के निर्देश दिए। जिसमें प्रशिक्षत युवाओं को मौजूद जन कल्याणकारी योजनाओं, बैंक ऋण तथा अन्य वित्तीय एवं तकनीकी संहयोग के विकल्पों से जोड़ा जायेगा। उन्होंने कहा कि इससे प्रशिक्षित युवा न केवल स्किल प्राप्त करेंगे बल्कि उन्हें योजनाओं के तहत् मिलने वाले आर्थिक एवं प्रशासिनक संसाधन तुरंत उपलब्ध कराये जा सकेंगे। बैठक के दौरान संयुक्त कलेक्टर श्रीमती श्रृति अग्रवाल, महाप्रबंधक जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र श्रीमती संगीता पंडोलिया सहित अन्य संबंधित अधिकारीगण उपस्थित रहे।

## लक्ष्य पूर्ण नहीं करने पर 26 पटवारियों के वेतन काटने के आदेश

**नवभारत न्यूज**
**सबलगढ़, 12 जून।** मुरैना कलेक्टर लोकेश कुमार जांगिड़ द्वारा समस्त पटवारियों को 03 जून से 10 जून 2026 तक प्रतिदिन प्रात: 8 बजे से दोपहर 12 बजे तक तथा सायं 4 बजे से रात्रि 8 बजे तक अपने-अपने हल्कों में शिविर आयोजित कर फार्मर रजिस्ट्री एवं बकेट क्लेमिंग कार्य में अपेक्षित प्रगति सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए थे

निर्देशों के तहत तहसीलदार कैलारस द्वारा प्रेषित प्रतिवेदन के अनुसार तहसील कैलारस के पटवारी 03 एवं 04 जून 2026 को प्रतिदिन निर्धारित 10 बकेट क्लेमिंग कार्य का लक्ष्य पूरा नहीं कर सके साथ ही इनका समग्र कार्य निष्पादन भी 50 प्रतिशत से कम पाया गया। इस पर सबलगढ़ एसडीएम सुश्री मेघा तिवारी ने कैलारस के 16 एवं सबलगढ़ के 10 पटवारियों का लक्ष्य पूर्ति में असंतोषजनक प्रगति पाए जाने पर दो दिवस का वेतन काटने के आदेश जारी किए गए हैं जिनमें कैलारस तहसील के ग्राम तिलोंजरी के दीपक त्यागी सुहास के दीपक यादव, बंधरेठा के दुर्गेश शर्मा खेड़ाकलां कृष्णकांत मुदगल, ऐंचोली के मनीष शर्मा शहदपुर के मुनेश खंडेलिया खेड़तोर के नागेन्द्र जादौन डमेजर के नीतेश गौड़, बड़वन की श्रीमती रीना गर्ग डोंगरपुर मानगढ़ के सतीश त्यागी, सगोरिया के शिशुपाल जादौन विलगांव क्वारी के सुधांशु शर्मा ब्रह्मबाजना के सूरज टेगौर, सेमई के उपेन्द्र करेरिया, मामचौन के विवेक जादौ और बघरौली की श्रीमती अनघा शर्मा के नाम शामिल है। इसी प्रकार सबलगढ़ तहसील के ग्राम रूपा का तोर के विजय कुमार शर्मा खेरला संतोषपुर के दिलीप कुमार शर्मा शिवलाल पुरा कुल्होली के प्रदीप कुमार कैमारी के राकेश कुमार धरसोला की श्रीमती आरती गुप्ता, सलेमपुर के पप्पन जाटव, कैमाराखुर्द के बालूराम आदिवासी, बावड़ी पुरा के मनीष बंसल, डवेरा के श्री शिवसिंह धनवाल और खिरका प्रशांत कुमार के नाम शामिल है।

## विशेष विधिक साक्षरता शिविर आज

**सीहोर.** राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देशानुसार 13 जून को श्रवण एवं वाक बाधित व्यक्तियों के लिए आयोजित विधिक साक्षरता शिविर का शुभारंभ होगा. ऑनलाइन शुभारंभ के पश्चात जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा जिला न्यायालय स्थित समर्थ ई-आर सेंटर में विशेष विधिक साक्षरता शिविर आयोजित किया जाएगा. शिविर में श्रवण एवं वाकबाधित व्यक्तियों को विधिक सहायता, उनके अधिकारों एवं शासन की योजनाओं की जानकारी दी जाएगी. प्राधिकरण द्वारा नागरिकों से उक्त शिविर का लाभ उठाने का आग्रह किया है.